तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025



12 ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाएंगे विकास और कल्याणकारी योजनाओं



11 एकलव्य महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह के ...






## खबर संक्षेप

### चालक ने खोया संतुलन पुल से टकराकर पलटा वाहन ट्रक

**कुसुमकसा।** नेशनल हाईवे क्रमांक 930 में दल्लीराजहरा की ओर से आयरन ओर लेकर जा रही ट्रक क्रमांक सी 07 सी एच 7525 पथराटोला तालाब के पास पुल से टकराकर पलट गई। बताया जा रहा है कि सामने गाय आ जाने के कारण ट्रक चालक अपना संतुलन खोकर पुल से टकरा गया। की घटना से कुछ कदम की दूरी पर लोगों का आवास था। अगर पुल पर टकरा कर नहीं पलटी होती तो बड़ी दुर्घटना कर सकती थी। ट्रक में आयरन भरा हुआ था। दुर्घटना में पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना से कुछ कदम की दूरी पर लोगों का आवास था।

### युवक ने की फांसी लगाकर की आत्महत्या

**डोंडी।** बंधिया पारा निवासी लोकेश रावटे, 27 वर्षीय युवक का



शव आज उनके घर पर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और जांच शुरू की है। आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है डोंडी पुलिस विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है, जिसमें परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ शामिल है।

### साहू समाज की बैठक में गौतम बने अध्यक्ष

**कुसुमकसा।** कर्मा भवन कुसुम कसा में ग्रामीण साहू समाज कुसुमकसा की बैठक कर्मा भवन कुसुम कसा में संपन्न हुई जिसमे गौतम कुमार साहू को अध्यक्ष मनोनित किया गया साथ ही सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमे पुरुष वर्ग उपाध्यक्ष अमर सिंह साहू महिला वर्ग उपाध्यक्ष रोहिणी साहू संगठन सचिव पुरुष अरविंद साहू संगठन सचिव महिला राजेश्वरी साहू सचिव जीवन साहू कोषाध्यछ दुष्यंत साहू समाज के संरक्षक गौरी शंकर साहू और प्रहलाद साहू को मनोनीत किया गया। उक्त बैठक में सामाजिक पदाधिकारियों का चयन प्रक्रिया में ग्रामीण साहू समाज कुसुम कसा के सभी महिला एवं पुरुषो सराहनीय सहभागिता रहा, कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद साहू ने किया।

### रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा का होगा आयोजन

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम मंगचुवा में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दिनांक 27 सितम्बर 2025 (शनिवार) तथा 28 सितम्बर 2025 (रविवार) की रात आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार प्रथम पुरस्कार रु 10,000/-,द्वितीय पुरस्कार रु 7,000/- तृतीय पुरस्कार रु 5,000/-,चतुर्थ पुरस्कार : रु 3,000/-रखा गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु एंट्री फीस रु 300/- निर्धारित की गई है। आयोजकों ने सभी आसपास के ग्रामों की कबड्डी टीमों से प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखाने की अपील की गई है।

### गुंडागर्दी के आरोप में अपचारी गिरफ्तार

**भिलाई।** दङसत बनाकर गुंडागर्दी करने वाले युवक समेत एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मानस भवन के सामने ग्राम उमरपोटी थाना उतई निवासी राजा उर्फ राहुल पवार लोगों में दहशत बनाया करता था। इससे लोग काफी परेशान हो रहे थे। लोगों से आरोपी लगातार मारपीट विवाद कर गुंडई करता था। चाकू से दिखाकर धमकाया करता था।

# राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गीतांजली व मंजू साहू को मिला रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल योग का चयन प्रतियोगिता विगत दिनों खेल एवं संस्कारधानी नगर राजनांदगांव मे 9 से 12 सितंबर तक संपन्न हुआ। जिसमे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डढ़ारी, संकुल केन्द्र खुंदनी विकासखण्ड गुरूर जिला बालोद दुर्ग संभाग के प्रतिभागी बालिका गीतांजली साहू एवं मंजू साहू ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। दोनो उप विजेता बालिकाओं के लिए जिला शिक्षा अधिकारी वाय डी

### ग्रामीण, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं







साहू, जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, जिल खेल समन्वयक सपन जैना, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुरूर एलके चन्द्राकर, बीआरसीसी गुरूर सीबी निर्मलकर, विकासखण्ड खेल प्रभारी ज्ञानसिंग जुरेशिया, संकुल प्राचार्य खुंदनी सीआर साहू, संकुल समन्वयक एचएल पटेल, ग्राम पंचायत डढ़ारी के सरपंच एवं ग्रामीण पंच, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी, शाला विकास समिति माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला डढ़ारी के पदाधिकारियो एवं शिक्षक शिक्षिकाएं प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डढ़ारी ने हर्श व्यक्त किया। उक्त जानकारी प्रधानपाठक एवं योग शिक्षक माध्यमिक शाला डढ़ारी बालाराम निशाद ने दी।

### परेशानी : स्वास्थ्य भवन तक पहुंचने के लिए पार करना पड़ रहा कीचड़युक्त पानी

# लाखों की लागत से बने नेवरीकला स्वास्थ्य भवन में एप्रोच रोड नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के ग्राम नेवारीकला में स्वास्थ विभाग द्वारा लाखो रूपये का भवन तो निर्माण कर दिया गया हैं। लेकिन उस भवन में जाने के लिए रास्ता निर्माण करना भूल गया हैं।

जिसके कारण यह भवन दलदल व कीचड़ के बीच शोभायमान हैं। जिसमे जाने के लिए लोगो को कमर तक किचड़युक्त पानी को पार कर जाने का सामना करना पड़ सकता है। जिले के ग्राम नेवारीकला जहां बड़ी बस्ती होने के कारण स्वास्थ सुविधाओ की सबसे ज्यादा जरूरत ग्रामीणो को पड़ती रहती हैं लेकिन बड़ी बस्ती होने के बावजूद ग्रामीणो को स्वास्थ सुविधा के नाम पर एक आयुश केन्द्र प्रदान किया गया हैं जहां डॉक्टर सप्ताह मे कुछ दिन ही उपलब्ध रहते हैं और उनके उपलब्धता की अनिश्चता के कारण ग्रामीण निजी चिकित्सको के पास ईलाज कराने को मजबूर हैं। जहां स्वास्थ विभाग द्वारा ग्राम के खाली जगह में एक भवन का निर्माण तो कर दिया गया हैं लेकिन विभाग के अधिकारी कर्मचारी निर्माण करते वक्त यह भूल गए कि उक्त निर्माण स्थल के सामने एक नाला निकला हैं जिसमे सालभर पानी

- स्वास्थ्य सुविधा के लिए बना भवन, लेकिन कीचड़ और पानी से घिरा पड़ा
- ग्रामीण निजी चिकित्सकों पर निर्भर
- नेवारीकला के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का इंतजार



#### आवागमन के लिए रास्ता नहीं

ग्रामीणो ने कहा कि इस भवन के सामने एक बड़ा नाला गुजरा हैं जिसमे गंदा पानी सालभर भरा रहता हैं जिसके कारण जहरीले जीव जंतु के साथ खरपतवार का इसके आस पास बसेरा रहता हैं ऐसे में अगर स्वास्थ विभाग इसका शुभारंभ करने का सोचती भी है तो यहां जाने के लिए मार्ग निर्माण करना होगा जिसके तहत सबसे पहले नाले में नाली निर्माण करना होगा तब कही जाकर नाली में छोटा पुल निर्माण करने के बाद ही इस भवन तक पहुंचने के लिए मार्ग का निर्माण हो पाएगा ऐसे में विभाग द्वारा भवन मे जाने के लिए मार्ग की व्यवस्था किए बिना ही भवन निर्माण कर दिया गया है। अगर इसका सही जगह निर्माण हुआ रहता या अभी तक इसके जाने के लिए मार्ग का निर्माण कर दिया गया होता तो ग्रामीणो को निजी चिकित्सको के पास ईलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता।

भरा रहता है जिसके कारण उसके आस पास भी पानी व गंदगी बनी रहती हैं लेकिन इन सब को नजर अंदाज करते हुए विभाग द्वारा लाखो की लागत से भवन का निर्माण कर दिया गया। विभाग द्वारा उक्त दलदलयुक्त जगह में बने भवन मे जैसे तैरे रंग रोगन के साथ कई कार्य कर दिया गया लेकिन विभाग के अधिकारी कर्मचारी यह भूल गए कि अगर इस भवन में स्वास्थ सुविधा का शुभारंभ किया तो चारो ओर से किचड़ से युक्त इस भवन में ग्रामीण स्वास्थ ईलाज के लिए आना जाना कैसे करेंगे।

आपको बता दे कि बड़ी बस्ती होने के कारण और ग्राम मे शासकीय स्वास्थ सुविधाएं उचित तरीके से उपलब्ध न होने के कारण ग्राम में चार से पांच निजी चिकित्सक आना जाना करते हैं जिनके माध्यम से ग्रामीण ईलाज करवाते है अगर निजी चिकित्सक ग्राम में नही आते तो ग्रामीणो को जिला अस्पताल आने के लिए 14 किलोमीटर का सफर तय करना मजबूरी हो जाती।

सरपंच ने कहा कि ग्रामीणो के बेहतर स्वास्थ सुविधा के लिए अस्पताल का खुलना आवश्यक।

# नेशनल लोक अदालत में 634 मामलों का हुआ निपटारा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

व्यवहार न्यायालय डौंडी लोहारा में 13 सितंबर दिन शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस दौरान न्यायाधीश वर्ग एक सतप्रीत कौर छाबड़ा की उपस्थिति में पक्षकारों ने आपसी सहमति से समझौता कर मामलों का निपटारा किया। न्यायालय में लंबित सिविल वाद में जब पक्षकारों ने राजीनामा कर मामले को समाप्त किया तो न्यायाधीश एवं अधिवक्तागणों ने उन्हें बधाई दी तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधा भेंट कर सम्मानित किया। लोक अदालत के आयोजन में कुल 634 मामलों को निराकृत कर समाप्त किया गया। इनमें चेक अनादरण के मामले, आपराधिक प्रकरण, सिविल वाद तथा मोटर व्हीकल एक्ट से जुड़े मामले शामिल रहे। इन मामलों के निपटारे से न केवल पक्षकारों को राहत मिली बल्कि न्यायालय में लंबित मामलों का बोझ भी कम हुआ। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय दिलाना और आपसी विवादों को सौहार्दपूर्ण तरीके से समाप्त करना है।अधिवक्ताओं ने भी इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए पक्षकारों को समझाइश दी कि वे आपसी सहमति से मामले का निपटारा करें ताकि समय और धन की बचत हो सके।

- आपसी सहमति से 76 मामलों में हुआ समझौता

न्यायालय परिसर में दिनभर सुलह-समझौते की प्रक्रिया चलती रही और बड़ी संख्या में पक्षकारों ने सहमति से अपने-अपने मामलों का पटाक्षेप किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि लोक अदालत न्याय व्यवस्था का एक सशक्त माध्यम है, जो न केवल त्वरित न्याय दिलाता है बल्कि समाज में मेल-मिलाप की भावना को भी बढ़ावा देता है। वहीं पक्षकारों ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से उन्हें लंबे समय से चले आ रहे विवादों से मुक्ति मिली है।

# भाजपा का अभियानः व्यापारियों व आमजन को बताएंगे जीएसटी सुधार के फायदे

### प्रदेश संयोजक बने यशवंत जैन, हर जिले में बनेगी 4 सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

केंद्र की मोदी सरकार ने जीएसटी को लेकर जो बड़ा बदलाव किया है, इसे लेकर भाजपा छत्तीसगढ़ अब पूरे प्रदेश में स्लैंब सरलीकरण से होने वाले आम लोगो को फायदा एवं इससे होने वाले लाभ को लेकर प्रदेश के सभी विधानसभा में सम्मेलन आयोजन के जरिये इसे आम जनता तक ले जाएगी, यह फैसला राष्ट्रीय नेतृत्त्व ने लिया है जो पूरे भारत मे चलेगा।

इस अभियान हेतु राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह को संयोजक बनाया गया है, वहीं छत्तीसगढ़ में इस अभियान को सफल बनाने प्रदेश संयोजक यशवंत जैन को बनाया गया है, अब हर जिले में जिला संयोजक बनाये गए हैं, इसके बाद कार्य को मूलरूप देकर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन कराया जाएगा 15 अक्टूबर तक लगातार आयोजन होने हैं। इस आयोजन ने व्यापारियों को विशेषरूप से बुलाया जाएगा, इस प्रदेश अभियान समिति में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री और बिलासपुर विधायक



अमर अग्रवाल, जगदलपुर के महापौर संजय पांडे, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा को सदस्य बनाया गया है।

इस विषय पर चर्चा करते हुए यशवंत जैन ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में 4 सदस्यो की एक टीम इस विषय को लेकर अलग से बनाई जाएगी, जिसमें एक जिला संयोजक तथा 3 सदस्य बनाये जाएंगे, हर जिले में शक्ति केंद्र और मण्डल तक यह आयोजन होगा, इस कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा के कार्यकर्ता आम जनता तक जीएसटी के स्लैब में हुए परिवर्तन से होने वाले फायदों को बताएगी, कार्यक्रम में व्यापारियों बुद्धजीवियों एवं आमजनमानस की सहभागिता कैसे हो इस पर 19 सितम्बर को राज्य के मुखिया विष्णु देव साय के अलावा प्रदेश के अन्य नेताओं के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन प्रदेश कार्यालय में होगा।

यशवंत जैन को जीएसटी रिफार्म आयोजन के प्रदेश संयोजक बनाये जाने पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव, सौरभ लुनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, तोमन साहू, ठाकुरराम चंद्रकार, भुवनेश्वरी ठाकुर, पवन सोनबरसा, कौशल साहू, टीनेश्वर बघेल, कांति सोनेश्वरी, हरीश कत्क्षरे, सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, सोमेश सोरी, निशा योगी, पूजा यादव, चन्द्रलता साहू, मनीष झा, विनोद जैन, जितेंद्र साहू, कमल पंपालिया सहित जिले के कार्यकताओ ने हर्श व्यक्त की।

# वन कर्मचारी संघ ने बैठक में उठाए सेवा संबंधी मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ बालोद की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को बालोद में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के पूर्व प्रांताध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, वर्तमान जिला अध्यक्ष बालोद, प्रांतीय सदस्य, रेंज अध्यक्ष, सचिव सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।बैठक की कार्यवाही में सर्वप्रथम संघ की एकजुटता और संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। इसके साथ ही कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं, उनके समाधान तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तृत

- संगठन की मजबूती और भविष्य की रणनीति पर हुआ विचार-विमर्श



चर्चा की गई। विशेष रूप से सेवा संबंधी ज्वलंत मुद्दों, पदोन्नति, सुरक्षा व्यवस्था, सुविधाओं का अभाव तथा कार्यक्षेत्र में आने वाली दिक्कतों को विस्तार से रखा गया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुँचाया जाएगा और उनके निराकरण के लिए संघ हर स्तर पर प्रयासरत रहेगा। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

कार्यक्रम के अंत में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

### लोगों ने संभाली देखभाल की जिम्मेदारी

# नवचेतना समाज सेवी संगठन ने 300 पौधे लगाने का अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

नवचेतना समाज सेवी संगठन की संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू ने बताया कि बरसात में 300 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए कलेक्टर से मिलकर 300 पौधों का परमिशन लेकर कलेक्टरेट से 300 पौधे उठाए। इन पौधों में कटहल 30, पीपल 30, कदम्ब 20, गुलमोहर 30, चेरी 30, महोगनी 40, सिरसा 30, इमली 10, अर्जुन 30, मौल श्री 30, रामफल 20 है, इन्हीं पौधों को आसपास के क्षेत्रें में लगाया जा रहा है।

ग्राम टेंगना बरपारा में 30 पौधे लगाए गए तथा उनकी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय निवासी पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद ललिता पीमन साहू को एवं डिलेश्वरी साहू, सरस्वती साहू, चांदनी साहू को दिया गया। ग्राम घुमका में भी 30 पौधे





लगाए गए, वहां के स्कूली बच्चों को गोद दिया गया, जिसमें तस्लीमा, लक्ष्मी, साक्षी, जयंत प्रमुख हैं। ग्राम झलमला में भी 30 पौधे लगाए गए व देख रेख की जिम्मेदारी स्थानीय निवासी चंद्रशेखर पटेल, भानु प्रताप पटेल और रुपेश पटेल को दिया गया। ग्राम सिवनी में भी 30 पौधे लगाए गए तथा वहां के स्थानीय निवासी संजू अमांदिया, कमलेश्वरी अमांदिया, रिखी अमांदिया अश्लेखा अमांदिया, घनाराम साहू, सरिता साहू, गीतू और किरण को देखरेख की जिम्मेदारी दी गई। ग्राम पांडुका में भी 30 पौधे लगाए गए। स्थानीय निवासी कृष्णा साहू, निर्मला साहू, पुष्पा साहू, भूमित और लक्ष्य को संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई है।

ग्राम कोपरा में 20 पौधे लगाए गए जिसे स्थानीय निवासी सीएल. साहू, खिलिमा देवी, कुमारी ढीमर को पौधों को गोद दिया गया। ग्राम सुरसाबांधा में भी 30 पौधे लगाए गए जिसे स्थानीय निवासी यादराम साहू, पुष्पलता साहू, हर्षिता व निखिल को देख रेख की जिम्मेदारी दी गई। ग्राम कुर्सीपार में भी 30 पौधे लगाए गए जिसे वहां के स्थानीय निवासी दुर्गा जोशी, पुरन प्रसाद जोशी ,विजयलक्ष्मी जोशी को देख रेख की जिम्मेदारी दी गई। 40 पौधों को तीजपर्व पर बहन, बेटियों को उपहार स्वरूप दिया गया। बचे हुए पौधों को भी अति शीघ्र लगाया जाएगा। नवचेतना समाज सेवी संगठन में संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू, सहसंयोजिका रेणुका निषाद, कोषाध्यक्ष दुर्गा जोशी, सचिव डिलेश्वरी साहू, सहकोषाध्यक्ष आरती साहू, सरिता साहू, सुशीला गरिया शामिल हैं।

# बिजली बिल में वृद्धि से उपभोक्ताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

बिजली विभाग और शासन द्वारा 400 यूनिट तक मिलने वाली हाफ बिजली की छूट खत्म कर दी गई है। अब केवल 100 यूनिट तक ही छूट रहेगी। 101 यूनिट से अधिक खपत पर उपभोक्ताओं को पूरे बिल का भुगतान करना होगा।

इस बदलाव के कारण कई घरों के बिजली बिल 400-500 रुपए से बढ़कर 1500-1600 रुपए तक पहुंच गए हैं। दल्लीराजहरा और डौंडी ब्लॉक में 2 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना संशोधन से प्रभावित हुए हैं।जनता का कहना है कि यह योजना धोखा है और सरकार को 400 यूनिट तक की छूट तत्काल बहाल करनी चाहिए।



20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाए गए चार्ज को वापस लेने की भी मांग की जा रही है। दल्लीराजहरा विद्युत अधिकारी सुनील ठाकुर का कहना है कि यह योजना शासन के अनुसार लागू की गई है और 100 यूनिट तक हाफ बिजली का लाभ मिलेगा।

## सार समाचार

### ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के अंग्रेजी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती



समारोह कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर के मार्गदर्शन में ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि ग्रुप डिस्कशन द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं भाषा कौशल का विकास होता है। इस प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागी अपने निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करता है। वर्तमान समय में विभिन्न संस्थाओं द्वारा एडमिशन अथवा नौकरी के लिए के लिए ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम से प्रतिभागी के कम्युनिकेशन स्किल, लिसनिंग स्किल, विषय पर ज्ञान एवं बॉडी लैंग्वेज के आधार पर उसका चयन किया जाता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर ने कहा कि ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि करना है एवं उन्हें नए अवसरों के लिए तैयार करना है। यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों से 30 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। जिसमें कुल 6 टीमें में बनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आराधना गोस्वामी, प्रो. वंदना मिश्रा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, रोहिणी समरथ एवं डॉ. भारती सोनी ने अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपना फीडबैक दिया। निर्णायक मंडल द्वारा विजेता टीमों को 16 सितंबर को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### मंदिर में महाकाल सेना ने अर्पित किया ध्वज



**राजनांदगांव।** महाकाल सेना ने आज गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते मंदिर शिखर पर पवित्र ध्वज अर्पित किया। सेना के संयोजक पवन डागा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज को बाबा के शिखर पर चढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वज पूजन से हुई। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज को मंदिर शिखर पर लहराया गया। भक्तों ने "हर-हर महादेव" के जयकारों के साथ इस पल को अविस्मरणीय बनाया। इस अवसर पर जयेश चतवानी, विष्णु साव, राजू डागा, संजय तेजवानी, अशोक पांडे, राकेश यादव, टेकचंद साहू, हिमांशु गुप्ता, सागर गुप्ता, मोनू पांडे, अंकित, शेखर लश्करे, संजू बघेल, शरद सिन्हा और चेतन साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाकाल सेना संयोजक पवन डागा ने कहा कि सोमनाथ बाबा के चरणों में ध्वज अर्पित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह ध्वज हमारे आस्था, एकता और संकल्प का प्रतीक है। धार्मिक आयोजनों में ध्वज अर्पण केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज में आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। महाकाल सेना का यह कदम युवाओं को अपनी संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ने का प्रेरणादायी संदेश देता है। उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### मेजर ध्यानचंद हमेशा रहेंगे अनुकरणीय




**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में खेल दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ठा.प्यारेलाल स्कूल राजनांदगांव के प्राचार्य भूषण साव शामिल थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जीवनी प्रेरणादायक रही। सेना में एक सैनिक के रूप में सेवा करते हुए भी उन्होंने हॉकी को अपना खेल के रूप में चुना। साथ ही अपने दमदार प्रदर्शन से सन-1928, 1932 एवं 1936 के ओलंपिक खेल में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे हमेशा खेल जगत में याद रहेंगे। मुख्य वक्ता भूषण साव ने कहा कि सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय बहुत अच्छा है। मेजर ध्यानचंद के अंदर देशप्रेम की भावना कूट-कूटकर भरी हुई थी। उन्हें जब हिटलर द्वारा भारत छोड़कर जर्मनी आकर खेलने पर फील्ड मार्शल पद देने की पेशकश की गई तो उन्हें उसे ठुकरा दिया था। उनका जीवन खेल के प्रति समर्पित था। हमें उन्हें आदर्श बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि सन-2012 से मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। खेल जीवन का अभिन्न अंग है, सरकार ने फाट इंडिया की बात भी कहा है। जीवन में खेलों का शारीरिक, मानसिक और सामजिक विकास में बहुत महत्व है। हॉकी के क्षेत्र में मृणाल चौबे, रेणुका यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। इस अवसर पर डॉ. अनिता महिश्वर, डॉ. केएल दामले, डॉ. महेश श्रीवास्तव, डॉ. संतोष कुमार उके, डॉ. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, करूणा रावटे, मंजरी सिंह, रामू पाटिल सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हत्या में प्रयुक्त बैसबाल डण्डा, बाईक जब्त

# दोहरे हत्याकाण्ड का फरार एक और आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बजरंगपुर नवागांव में हुए हत्या के मामले में पुलिस ने एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। जिससे बैसबाल डण्डा, बाईक जब्त किया गया है। इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने चिखली पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 7 सितंबर को पृथ्वी भट्ट अपने दोस्तों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर उसके घर के अंदर घुस गये। अश्लील गाली गुप्तार करते हुए मर्डर करने की बात बोलकर जान से मारने की धमकी देने लगे। तब घर वाले एवं आसपास के लोगों बीच बचाव करने पर पडोसी राकेश ढीमर व प्रार्थी के पिता को पृथ्वी भट्ट, अभय मिश्रा, जीत साहू एवं अन्य साथियों ने अपने हाथ में रखे धारदार चाकू, बेसबॉल के डंडा से प्राण घातक हमला किया। जिसमें राकेश ढीमर की मृत्यु हो गई और किशन राजपूत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। आशीष ठाकुर के सिर में चोट लगा है। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलॉफ धारा 296, 333, 189 (4), 191 (2), 191 (3), 103 (1), 109 (1) बीएनएस, 25 27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया।




### दुर्ग में पकड़ाया आरोपी

पुलिस के अनुसार मामले में आरोपी पृथ्वी भट्ट, विमल कुमार यादव, शेख खान उर्फ सोनू, मोहम्मद अहमद, जीतु उर्फ जीत साहू, तौसिफ रजा, शेख रजा उर्फ रजक, रितिक भट्ट, एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अन्य आरोपी फरार थे पुलिस ने 14 सितंबर को मुखबीर की सुचना पर प्रकरण के सह आरोपी शेख रेहान उम्र 19 साल गौरीनगर को दुर्ग से पकडा गया। पूछताछ करने पर आरोपी शेख रेहान द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त बैसबाल लकड़ी का डण्डा, मोटर सायकल, मोबाइल बरामद कराया। आरोपी को विधिवत गिरफतार कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया, प्रकरण के अन्य फरार सह आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# दोपहिया वाहन, जेवर चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही

चोरी के मामले में जांच पडताल कर रही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया केमेश्वरी रावटे उम्र 26 साल, निवासी ग्राम खैरवाही वर्तमान पता नांदिया चाल वार्ड नं. 15 डोंगरगांव, द्वारा 23इ जुलाई को अपने घर नांदिया चाल डोंगरगांव से सोने की चैन वजनी 4.660 ग्राम, सोने की अंगूठी वजनी 2.130 ग्राम, सोने का छल्ला वजनी 1.290 ग्राम एवं एक पेन ड्राईव कुल किमती 41500 रूपए चोरी होने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2),331(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वही दूसरे प्रकरण के प्रार्थिया श्रीमती संतोषी सोरी उम्र 45 साल निवासी साकेत धाम के पास मटिया रोड जिला राजनांदगांव द्वारा 1 सितंबर को अपने घर के आंगन में रखे टीव्हीएस ज्यूपीटर वाहन की चोरी होने कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगांव में धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### आभूषण बरामद

आरोपी चन्द्रभान वैष्णव को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की टीव्हीएस ज्यूपीटर एवं सोने की चैन, सोने की अंगूठी एवं सोने का छल्ला कीमती 41,500 रूपये को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं टीम के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थिया से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए प्रकरण में आरोपी चन्द्रभान वैष्णव को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी द्वारा वाहन एवं सोने के आभूषण चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

# गांव-गांव में पूर्ण शराबबंदी होने से माहौल हो रहा शांत

**राजनांदगांव।** युवाओं को नशे की लत से बचने और गांव में शराब, गांजा की अवैध बिक्री रोकने राजनंदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में जुर्माना लगाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम मोखला, भर्रेगांव, आरला, सुरगी, खुटेरी, धामनसरा, जंगलेशर, माथलडबरी, मोहड़ सहित जिले के विभिन्न ग्रामों में पूर्ण शराबबंदी की गई है। मोखला में शराब की अवैध बिक्री करने वाले पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है और शराब खरीदने वालों से 30 हजार का दंड लगेगा। इसी तरह सभी ग्रामों में किया गया है।

यह निर्णय लेने से गांव में शांतिपूर्ण माहौल है। जिसके बाद गांव में इसे लेकर पोस्टर भी चस्पा किया गया है। गांव में मुनादी भी कराई गई है, ताकि किसी भी हिस्से में शराब, गांजा और नशीली चीजों की बिक्री ना हो। इसके बाद गांव में नशे का अवैध कारोबार लगभग थम सा गया है। क्षेत्र के ग्रामों का पहला दूसरे गांव के लिए भी अनुकरणीय है।

दूसरी तरफ राजनांदगांव जिले की बड़े पंचायत में इसका अनुशरण नहीं किया गया है। वहां शराबियों की महफिल सज रही है। ग्राम टेडेसरा के ग्रामीणों ने बताया कि शराब भट्टी के सामने जहां बच्चे क्रिकेट एवं अन्य खेल खेलते हैं। वहां पर शराबियों का जमावड़ा रहता है और ग्राम पंचायत के मुक्तिधाम में तीन बोरिंग होने के कारण शराबियों की महफिल प्रतिदिन जमती है। पानी पाउच, डिस्पोजल और शराब की बोतल को तोड़ दी जा रही है। इस पर कोई कार्रवाई न ही ग्राम पंचायत कर रही है न ही इस पर ध्यान दिया जा रहा है।

# घर से लापता बालिका गोंदिया में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में किसी को बिना बताए कहीं चली गई नाबालिग बालिका की खोज खबर लेकर पुलिस ने गोंदिया से बरामद किया, जिसे उसके परिजनों को सौंपा गया।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी भतीजी उम्र 17 साल 7 सितंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर अपहृत बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

### पुलिस का आभार माना

विवेचना के दौरान अपहृत बालिका के गोंदिया (महाराष्ट्र) में होने की सूचना मिलने पर थाना स्तर पर टीम गठित कर उपरोक्त टीम को गोंदिया महाराष्ट्र रवाना कर अपहृत बालिका को गोंदिया (महाराष्ट्र) से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपहृता के परिजन अपनी भतीजी को सुपुर्दनामा पर प्राप्त कर थाना बसंतपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

### आरोपियों से शराब बरामद

सूचना के आधार पर आरोपी दउवाराम प्रजापति 61 साल निवासी मोहारा और रोमांचलदास देशलहरे 45 साल निवासी ग्राम भंवरमरा अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से शराब परिवहन करते पाए जाने से आरोपियों के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3450 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त एवं आरोपी दीपक यादव 40 साल निवासी लखोली के कब्जे से 31 पौवा देशी शराब कीमती 3100 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त वाहन ई-रिक्शा को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### अन्य मामलों में कार्रवाई

पुलिस के अनुसार मोहल्ले में हो-हुल्डन करने वाले हर्ष पांडया 23 साल निवासी प्रभातनगर के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को न्यायायल के समक्ष पेश किया गया एवं न्यायालय से जारी स्थायी वारंटी आशीष उर्फ नेतराम निवासी इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन साहू, डेजलाल माण्डे, प्रधान आरक्षक विनोद जाटव, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक प्रवीण मेश्राम एवं आशीष मानिकपुरी की सराहनीय भूमिका रही।

# युगांतर स्कूल में हिंदी सप्ताह का आयोजन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। इसके तहत कक्षा 6वीं से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अन्तर्गृह काव्य पाठ तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई।




प्रतियोगिता में सत्यम, शिवम, सुंदरम और मधुरम गृह के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रत्येक गृह से तीन-तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें 6वीं से 8वीं तक के वर्ग में प्रथम जिया रामटेके, आराध्या, द्वितीय नवीन, तनु, तृतीय आराध्या जैन, प्रोत्साहन पुरस्कार ऋतिक नायर तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग में प्रथम आर्या राहटगांवकर, द्वितीय सायली कोठारी, तृतीय रीत शुक्ला रहे।

इसी तरह अन्तर्गृह वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के वर्ग के पक्ष में प्रथम भक्ति नाहटा, द्वितीय ईशलीन कौर बग्गा, उमा भारती पैकरा, तृतीय ऋषा जैन तथा विपक्ष में प्रथम द्रुवि कोठारी, द्वितीय सौहार्द्र, तृतीय विहान भुरे, तारिशी सिंह राजपूत रहे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग के पक्ष में प्रथम हिमानी जोगी, द्वितीय वर्षा सोनी, धनंजय सोनवानी, तृतीय घनिष्ठा जैन तथा विपक्ष में प्रथम जिज्ञासा सिंह, प्रथम गोयल, द्वितीय अंकित शर्मा, तृतीय अभय सोनी रहे। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि हिंदी सप्ताह मनाते युगांतर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। हमें इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से किसी भाषा का मर्म समझ में आता है और हमें यह अनुभव होता है कि हम भाषाई शिक्षा के किस पायदान में खड़े हैं। यह प्रतियोगिता हिंदी विभागाध्यक्ष वीएन राय के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित हुई। कक्षा 6वीं से कक्षा 8वीं की काव्य-पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मेघा जस्सल, परमजीत ठाकुर तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक श्वेता मूंदड़ा, मधु ठाकुर रहें।

कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग की काव्य पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक रिंकू राय, बलवंत निषाद तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक रिंकू राय, मदनमोहन कालबांधे रहे।

### क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन

**राजनांदगांव।** तकनीकी संघ छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में क्षेत्रीय कार्यकारिणी का को गठन किया गया। 13 सितंबर को प्रांतीय पदाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी तकनीकी संघ द्वारा राजनांदगांव के संभागीय कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। जिसमें संघ द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष डॉमन लाल साहू, उपाध्यक्ष श्यामल जैन, महामंत्री टीकेंद्र साहू, सचिव संजय, मनोहर साहू, कोषाध्यक्ष नंदलाल पटेल, दिग्विजय, मीडिया प्रभारी मनु साहू, बृजेश देवांगन शामिल हैं।



# चावल तस्करी से महिलाओं में आक्रोश, कलेक्टर को ज्ञापन



■ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 की नवनियुक्त राशन दुकान पर महिला स्व सहायता समूह को अधिकार मिलने के बावजूद पुरूषों का दबदबा बना हुआ है। इसको लेकर वार्ड की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज महिलाओं ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और राशन दुकान में चल रहे अनियमितताओं का खुलासा किया।

लक्ष्मीनारायण महिला स्व-सहायता समूह को आवंटित की गई राशन दुकान (आईडी 421001008) पर महिलाओं की जगह पुरूषों को बैठाए जाने से स्थानीय महिलाएं आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे न केवल उनकी गरिमा और सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि राशन वितरण व्यवस्था भी चरमरा गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि दुकान से खुलेआम चावल की तस्करी की जा रही है। गरीबों के हिस्से का चावल बाजार में बेचा जा रहा है।

जबकि जरूरतमंद परिवार राशन के लिए भटक रहे हैं। महिलाओं ने सवाल उठाया है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कार्य चल रहा है? उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगी।

# सूने घर में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ पुलिस ने चार आरोपी को पकड़ा

■ दो विधि से संघर्षरत बालक

सूने घर में चोरी के मामले की जांच कर रही पुलिस ने चार आरोपी एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ कर कार्यवाही की है।

पुलिस के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी सुरेश कुमार साहू उम्र 73 वर्ष ग्राम कोहका हॉल पता सेक्टर 2 भिलाई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 सितंबर को घर का साफ सफाई हेतु कोहका आने पर घर का सामान बिखरा पडा था, किचन के खिड़की का राड टूटा हुआ था, घर में रखा सामान पीतल गंजी व 2 गुंडी, 8 नग फूल कास थाली, 7 नग लोटा, 1 सिलिंग फेन, 1 नग टुल्लु पंम्प, 40 पेटी टाइल्स घरेलू उपयोगी सामान व नगदी रकम 20,000 रुपये व समान किमती रिपोर्ट पर धारा 305, 331(4), बीएनएस, का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### तुमडीबोड पुलिस ने की कार्यवाही

पुलिस के अनुसार मामले की जांच पडताल के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि कोहका में कुछ लोग चोरीशुदा समान बिक्री करने ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना पर तत्काल ग्राम कोहका पहूचकर घेराबंदी कर आरोपियों को पकडा गया कड़ाई से पुछताछ करने पर संदेही राजकुमार साहू ,गजेन्द्र कुमार साहू ,चंद्रेश कुमार यादव, मदन मरकाम एंव 02 विधि संघर्षरत बालक जो चोरी करना स्वीकार किए।

### सामान बरामद

जिन्हें अभिरक्षा में लेकर चोरीशुदा टुल्लू पंप, 5 पेटी टाइल्स, 1 नग,1 नग सब्बल, 1 सीलिंग फैन निशानदेही पर बरामद कर, 14 सितंबर को आरोपियों व विधि संघर्षरत बालकों को न्यायालय,बाल न्यायालय पेश किया गया।

# मोपेड में ले जा रहे थे गांजा, दो पकड़ाए

**छुईखदान।** मोपेड में अवैध रूप से गांजा की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 2.721 किलोग्राम गांजा एवं मोपेड को जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम के द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 13 सितंबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा चंद्राकर ढाबा के पास खैरागढ़ जाने वाला मेन रोड़ छुईखदान के पास रेड की गई, जहां दो आरोपी घनश्याम मानिकपुरी उर्फ पप्पू उम्र 31 वर्ष रामनगर सुपेला, प्रवीण कुमार चंदेल उम्र 24 वर्ष कर्मा भवन के पास रामनगर सुपेला को पकड़कर उनके कब्जे से 2.721 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 25 हजार रूपए एवं परिवहन हेतु प्रयुक्त एक्टिवा को जब्त किया गया।

### पुलिस ने की कार्यवाही

आरोपियों के विरुद्ध थाना छुईखदान में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को 14 सितंबर को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# बस में ले जा रहे थे गांजा, पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्कर को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में नशीले पदार्थ के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के तहत अब पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। इसी के तहत सोमनी पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। दुर्ग से पुणे जाने वाली सवारी बस में अवैध रूप से दो आरोपी गांजा लेकर जा रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई की है। आरोपियों से 16 किलो गांजा बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि नवागांव घटना के बाद से ही पुलिस ने नशीले पदार्थ के खिलाफ अब सख्ती से एक्शन लेना शुरु कर दिया है। आला अफसरों के निर्देश अनुसार अब सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ ही ऐसे मामलों में कार्रवाई करने में जुटे हुए है। इसी के तहत रविवार को सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 13 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि दुर्ग से पुर्ण महाराष्ट्र जाने वाले सवारी बस में बैठे दो व्यक्ति अलग-अलग बैग मे उड़िसा से गांजा रखकर पुणे महाराष्ट्र जाने वाली बस में बैठे है। सूचना मिलने के बाद थाने से एक टीम बनाकर कार्रवाई के लिए तैनात किया गया।



### बस रोक कर की जांच पड़ताल

*सूत्रों की सुचना पर पुलिस ने थाना सेमनी के सामने नाकाबंदी प्वाईंट लगाकर मुखबीर के बताये बस को रोककर बस के अंदर मुखबीर के बताये हुलिये के बैठे व्यक्तियो से पूछताछ की जिस परअपना वसंत श्याम राव एवं राहुल अशोक दोईफोड़े बताये। संदेहियो वसंत श्याम राव के बैग की तलाशी पर पीवीसी टेप मे लिपटा 2 बंडल गांजा मादक पदार्थ एवं संदेही राहुल अशोक दोईफोड़े के बैग मे पीवीसी टेप मे लिपटा हुआ 3 बंडल गांजा मादक पदार्थ कुल 16 किग्रा कीमती 1,60,000*

## खबर संक्षेप

### कैरियर ओरिएंटेड कोर्स की वाणिज्य छात्राओं को दी जानकारी

**भिलाई।** भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए टेली प्राइम अवयेरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता सोमेश जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस दवरा वक्ताओं का विधिवत स्वागत कर की गई। कार्यक्रम के रूपरेखा का संक्षिप्त परिचय वाणिज्य विभाग की एचओडी डॉ. भारती वर्मा द्वारा दिया गया।

### अमेरिका में जीवंत हो उठी भारतीय संस्कृति, किया शिक्षकों का सम्मान

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई से अमेरिका में जा बसे जैन दंपति वहां भारतीयता और हिंदी को आगे बढ़ाने में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के सेंट लुइस शहर स्थित हिंदी यूएसए हेरिटेज लैंग्वेज स्कूल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन भारत के महान दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित किया गया, जिसमें 14 कक्षाओं के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को गुलदस्ते, शुभकामना कार्ड और उपहार देकर अपना आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में बच्चों ने स्वयं हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड बनाए और शिक्षकों को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय मूल के बच्चों को अमेरिका में रहते हुए भी अपनी जड़ों से जोड़े रखना संभव है बस ज़रूरत है समर्पण, मार्गदर्शन और समुदाय की एकजुटता की।

### स्क्रीन में पढ़ने के बजाय, किताबों के जरिए जानकारी सही और उपयोगी भी



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पुस्तक मेला आयोजित किया गया। इस दौरान डिजीटल युग में किताबों की महत्ता पर विशेष फोकस किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्क्रीन में पढ़ना उतना कारगर और उपयोगी नहीं होता जितना किताबों के जरिए हम जानकारी हासिल करते हैं। राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए ग्रुप डिस्कशन, भाषण, प्रश्नमंच, पोस्टर स्पर्धा सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ ज्ञान वर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें है। प्रभारी प्राध्यापक डॉ नीता पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जॉब फेयर में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। महोत्सव के अंतिम दिन पुस्तक मेला आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों की किताबें विशेष छूट के साथ विक्रय के लिए रखी गई थीं। पुस्तक मेला का उद्घाटन कुलपति डॉ ए के झा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबें ज्ञान का भंडार है किंतु वर्तमान में पढ़ने की आदत खत्म होती जा रही है। पढ़ना एक सतत प्रक्रिया है जो हमें विषय वस्तु को सही मायने में स्मृति पटल पर रखने में सफल रहती है।

## सुंदर शहर बनाने कार्ययोजना : महापुरुषों की प्रतिमाओं की होगी सफाई

# उद्योगों को एनओसी जरूरी, 28 गार्डन का होगा सौंदर्यीकरण, बंद पड़े फौव्वारे होंगे शुरू

**नगर निगम दुर्ग की पर्यावरण एवं उद्यानिकी समिति की बैठक में निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पूर्व महापौर सरोज पांडेय ने जिस जगह से दुर्ग शहर को सजाया और संवारा, कुछ इसी तरह से शहर को पुनः तैयार करने की कार्ययोजना बनी है। पर्यावरण एवं उद्यानिकी समिति की बैठक में इसे लेकर निर्णय लिया गया।

वर्तमान में दुर्ग शहर में 28 गार्डन हैं, इन गार्डनों का कायाकल्प होगा। सफाई सफाई के साथ रंगरोगन कराया जाएगा। गार्डनों में 20 कर्मचारी रखे जाएंगे, जो उद्यानों की देखरेख करेंगे। महापुरुषों की प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बंद पड़े फौव्वारों को पुनः चालू किया जाएगा। इसकी शुरुआत राजेंद्र पार्क में बंद पड़े फौव्वारे का मेंटेनेंस कर किया जाएगा। समिति की बैठक में अध्यक्ष काशीराम कोसरे ने इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रस्ताव बनाकर इसकी स्वीकृति ली जाए और काम शुरू करा जाए। उन्होंने शहर में संचालित हो रहे उद्योगों, फैक्ट्रियों और अन्य छोटी-बड़ी कंपनियों, ट्रेडर्स की जांचने कराने कहा।

उन्होंने कहा कि निगम से एनओसी आवश्यक है, यदि नहीं ली जा रही तो तत्काल नोटिस जारी किया जाए। पर्यावरण और उद्योग विभाग से इसकी जानकारी मंगाई जाए। बैठक में समिति के सदस्य पार्षद और अधिकारी मौजूद थे।



### लोककला पथ का होगा सौंदर्यीकरण, बनेगा रोल मॉडल

लोककला पथ पर स्थापित कलाकृतियों के नए सिरे से संवारा जाएगा। उन्हें सुंदर बनाया जाएगा। रंगरोहन किया जाएगा। इससे शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। उद्यानों के रख-रखाव के लिए 20 से ज्यादा कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। प्लेसमेंट में ये कर्मचारी रखे जाएंगे। प्रतिदिन सफाई, सिंचाई और पौधों की देखभाल करेंगे। 20 लाख रुपए विशेष संधारण मद से स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से गार्डन की मरम्मत, झूलों की व्यवस्था, पौधारोपण और फाउंटेन की देखभाल की जाएगी।

### रेलवे स्टेशन व तहसील ऑफिस के सामने सौंदर्यीकरण, होगा रंगरोगन

रेलवे स्टेशन और तहसील ऑफिस के सामने बने स्टेच्यू का रंगरोहन कर उन्हें आकर्षक रूप दिया जाएगा, ताकि शहर आने वाले लोगों को सुंदर दृश्य दिखाई दे। वार्ड-56 एसटीएफ कॉलोनी के उद्यान की सफाई, वार्ड-20 आदित्य नगर में शेखर साहू के घर के पास खाली पड़ी भूमि से अतिक्रमण हटाकर फेंसिंग कर पौधरोपण, वार्ड-55 मुक्तिधाम रोड और वार्ड-53 गणपति विहार में वृक्षारोपण, वार्ड-54 द्वारिकापुरी गार्डन की साफ-सफाई और रख-रखाव किया जाएगा। निगम क्षेत्र के सभी फाउंटेन का मेंटेनेंस भी होगा।

### उद्योगों ने नहीं ली एनओसी तो सख्ती से निपटेगा निगम, 250 से ज्यादा फर्म संचालित

बैठक में निगम क्षेत्र में स्थापित कंपनियों और उद्योगों की जानकारी संकलित करने का भी निर्णय लिया गया। काशीराम कोसरे ने कहा कि देखा गया है कि इन उद्योगों ने निगम से आवश्यक एनओसी नहीं ली है। जबकि यह नियमतः आवश्यक है। ऐसी सारी फर्मों की जानकारी संकलित की जाएगी। उन्हें नोटिस भेजा जाएगा, जो एनओसी नहीं ले, उन पर नियमतः जुर्माना कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक शहर में 250 से ज्यादा फर्म संचालित हो रही है। इसके अलावा आउटर में कई फैक्ट्रियां अवैध है। उनके द्वारा क्या काम किया जा रहा है इस तक की जानकारी निगम तक को नहीं है।

## व्यापारियों ने खोला मोर्चा, निकाली रैली

# इंदिरा मार्केट दुर्ग में साइकिल स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इंदिरा मार्केट क्षेत्र में साइकिल स्टैंड की पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। यहां बाहर से आने वाले वाहनों से 1500 रुपए से दो हजार रुपए तक की डिमांड की जा रही है। बाहर के गाड़ी चालकों को डराया-धमकाया जा रहा है।

■ महापौर अल्का से मिलकर मामले को लेकर की शिकायत

इसके अलावा बाजार में स्टैंड के अलावा अन्य जगहों पर वाहन खड़े करने पर भी वसूली की जा रही है। पार्किंग नहीं देने पर गुंडागर्दी की शिकायत व्यापारियों ने की है। शनिवार को आक्रोशित व्यापारियों ने अपनी मांग को लेकर रैली निकाली। रैली की शक्ल में व्यापारी निगम पहुंचे। निगम में उन्होंने महापौर अल्का महापौर को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। व्यापारियों ने कहा कि ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार द्वारा पार्किंग की वसूली की जा रही है। पार्किंग ठेका किसी और के नाम पर है, चला कोई और रहा है। निगम के अधिकारियों के संरक्षण में यह खेल चल रहा है। शहर की जनता साइकिल स्टैंड कर्मियों की दादागीरी से परेशान हो गई है। उन्होंने तत्काल इस मामले में जांच कर ठेका निरस्त करने की मांग की। महापौर ने व्यापारियों की नाराजगी को देखते हुए 15 सितंबर को लिखित शिकायत देने की बात कही। व्यापारियों ने तय किया कि वे 15 सितंबर को पुनः महापौर से मिलेंगे। लिखित शिकायत देंगे। इस अवसर पर प्रकाश सांखला, पवन बड़जात्या, अरुण अग्रवाल, मितेश पटेल, पंकज जुमनानी, लव खत्री, जय पारख सहित अन्य मौजूद थे।

# एकलव्य महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ छात्रों ने जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक किया

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहारा में रजत जयंती समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रतियोगिता प्रमुख रहे।आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों एवं आमजन को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, स्वास्थ्य शिविर, मनरेगा एवं स्वच्छता आधारित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा आम जनता को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की ये योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। इस कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी नन्द किशोर सिन्हा एवं सह-प्रभारी देवानंद वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।





# श्राद्ध पितृ ऋण चुकाने और उनके आशीर्वाद पाने का उत्तम साधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम सहगांव में रतनावली मानस मण्डली का संगीत मय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, व्याख्याकार रमनलाल ने कहा कि श्राद्ध केवल माता पिता के लिए नहीं होता बल्कि यह सभी पितरों के लिए किया जाता है, सर्व पितृ अमावस्या पर हम अपने पुरे वंशज, कुल और दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हैं, माता पिता जीवित हो तो भी श्राद्ध किया जा सकता है, क्योंकि यह कार्यक्रम हमारे परदादा परदादी, दादा दादी और अन्य पूर्वजों के लिए होता है, इस प्रकार यह केवल एक कर्मकांड नहीं बल्कि पूरे वंश के कल्याण और आत्मिक संतोष आत्मिक शांति का कार्य है,

गयाजी मे किया गया श्राद्ध अत्यंत पुण्यकारी माना गया है, परन्तु यह एक बार का विशेष अनुष्ठान है,लेकिन पितरों के प्रति हमारी श्राद्ध केवल एक बार तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, गयाजी का श्राद्ध स्थायी पुण्य देता है, लेकिन वार्षिक श्राद्ध पितरों के आशीर्वाद को निरंतर बनाये रखता है, कार्यक्रम में दरबारी यादव, हिमालय यादव, नसीदराम टेमरिया, नेमसिंग चंद्राकर, गोविन्द चुरेन्द्र, केशव चुरेन्द्र,सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मिशन क्लीन सिटी प्रशिक्षण शिविर सूरत से लौटी पालिका की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सूरत (गुजरात) में कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।

इस शिविर में नगर पालिका परिषद कुम्हारी से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, प्रेसिडेंट इन काउंसिल मेंबर्स अश्वनी कुमार देशलहरे एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज वर्मा ने भाग लिया। कुम्हारी से गई टीम को सूरत में बहुत कुछ सीखने समझने का अवसर मिला जिसके लिए सूरत महानगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से डॉ कन्हैया आविर , डॉ हरभजन , डॉ प्रदीप ओबेरकर , एस एम सी प्रवीण , आदर्श , आनंद , जैमिन पाटिल , एनजीओ ईश्वर साहू एवं हिमेश पटेल का कुम्हारी नगरपालिका ने छत्तीसगढ़ शासन की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया।

### नवरात्र की तैयारी शुरू

**पाटन।** नगर के सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर समिति की बैठक में क्वार नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति शुल्क निर्धारित राशि की रसीद काटने एवं सभी सदस्यों को ज्योति जलाने अनिवार्य किया गया है। मंदिर का जीणोद्धार किया गया है जिसका चैत्र नवरात्रि के पहले प्राण प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण किया जाना है जिसके लिए प्रचार प्रसार कर समारोह को भव्य बनाने सभी सदस्य नये सदस्य के रूप में दान देकर आजीवन सदस्य बनाने की अपील की गई है। इस बैठक में प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार भाले, दिनेश मिश्रा, योगेश निक्की भाले, केवल देवांगन, प्रमोद मिश्रा, पं. विजय सावणी, आलोक सावणी, भास्कर सावणी, वागेश वाशाशंकर, नीलू देवांगन, गंगादीन साहू, संदीप मिश्रा, सुरेश सावणी, सरोज देवांगन, आदित्य सावणी, विजय शर्मा और अनुज पटेल सहित मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ 930 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण, 186 ग्रामों में होगा उन्मुखीकरण कार्यक्रम

आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले वन, पंचायत, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग के चयनित अधिकारी कर्मचारी को ड्रिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स के रूप में ड्रिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का आयोजन कर जिला संसाधन केंद्र पाकुरभाट, बालोद में 03 सितंबर से 05 सितंबर 2025 तक प्रशिक्षण किया गया। जिसमें ड्रिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिले के 05 विकासखंडों से चयनित 35 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स एवं 04 एनजीओ के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। डीपीएल के संपन्न होने के उपरांत जिले के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय में 09 सितम्बर से 12 सितंबर 2025 तक विभिन्न तिथियों में ब्लॉक प्रोसेस लैब का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के लगभग 930 प्रतिभागी विलेज मास्टर ट्रेनर्स के रूप में एनजीओ के प्रतिनिधि आदि सहयोगी के रूप में शामिल हुये। डौंडी एवं डौंडी लोहारा विकासखंड में ब्लॉक प्रोसेस लैब का आयोजन 09 सितम्बर से 11 सितंबर 2025 तक आयोजित किया गया जिसमें प्रत्येक ग्राम से 5–5 लोगों (कर्मचारी व जनप्रतिनिधि) को चयनित कर विलेज मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया गया। इसी प्रकार बालोद और गुंडरदेही विकासखंड में बीपीएल का आयोजन 10 सितंबर को व गुरुर विकासखंड में 12 सितम्बर 2025 को सम्पन्न हुआ। ये सभी प्रशिक्षित बीएमटी, वीएमटी, एनजीओ के प्रतिनिधि, विलेज वालेंटियर एवं स्थानीय आदिवासी जिले के चयनित 186 ग्रामों में 15 व 16 सितंबर को उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कर, 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक आदि सेवा पर्व/सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएँगे। आदि सेवा पर्व के दौरान आईईसी कैंपेन भी स्थानीय स्तर पर चलाये जाएंगे। इसके साथ ही विलेज वोलेंटियर्स , बीएमटी, वीएमटी, एनजीओ के प्रतिनिधि (आदि सहयोगी) तथा स्थानीय आदिवासी समुदाय की सहभागिता से ग्राम का भ्रमण कर समस्याओं की जानकारी ली जाएगी। गांव की जरूरतों पर चर्चा एवं विलेज विजनिंग एक्सरसाइज के द्वारा विभिन्न क्षेत्रें में क्रिटिकल गैप की पहचान कर उसके आधार पर गांव के लोगों से चर्चा तथा सहमति के आधार पर सहभागी रूप से विलेज एक्शन प्लान तैयार करने की कार्यवाही की जाएगी, जिसमे गांव के युवाओं एवं महिलाओं की भी सक्रिय भूमिका होगी। 02 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष ग्राम सभा में प्रत्येक ग्राम में तैयार किये गए विलेज एक्शन प्लान पर चर्चा एवं अनुमोदन की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विशेष ग्राम सभा मे माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान पर सभी 6650 ग्रामों को प्रेषित की जाने वाली पाती का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही आदि साथी/आदि सहयोगी एवं ग्राम सभा के सभी सदस्यों एवं अन्य सहभागियों को अपने ग्राम को विकसित करने हेतु आदि शपथ दिलाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य मंत्रलय भारत सरकार द्वारा 10 जुलाई 2025 को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसकी परिकल्पना विश्व के सबसे बड़े जनजाति नेतृत्व आंदोलन के रूप में की गई है। यह अभियान कैडर आधारित मॉडल एवं अंतर विभागीय अभिसरण पर आधारित है, जो कि उत्तरदायी शासन एवं योजना निर्माण को संस्थागत रूप देने तथा आदिवासी क्षेत्र में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु लक्षित है। यह अभियान राज्य के 28 जिलों के 128 विकासखण्डों एवं 6650 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत देश के विभिन्न भागों में रीजनल प्रोसेस लैब का आयोजन किया गया, जिसमें हमारे राज्य से भी 07 लाइन विभाग के अधिकारियों को स्टेट मास्टर ट्रेनर्स के रूप में चयनित कर 07 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु भेजा गया था। इसके उपरांत स्टेट प्रेसस लैब का आयोजन 11 अगस्त से 14 अगस्त 2025 तक व 18 अगस्त से 21 अगस्त 2025 तक (04 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण) दो चरणों में राज्य की राजधानी रायपुर में किया गया, जिसमें राज्य के 28 जिलों से चयनित ड्रिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती**

# ऑन द स्पॉट गेम्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का स्टूडेंट्स ने किया एंजॉय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह के अवसर भारती कॉलेज दुर्ग में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में एलुमिनी मीट और पुस्तक मेला का आयोजन आईक्यूएससी संकाय दवरा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपने अनुभव और अपनी सफलता में विश्वविद्यालय से प्राप्त शिक्षा को साझा किया।

पूर्व विद्यार्थियों ने वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया और करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान परिचय, भाषण, विश्वविद्यालय पर संबोधन, क्विज़ प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट गेम्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे विश्वविद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत किया। कार्यक्रम में डॉ नीतू श्रीवास्तव जूलॉजी, विद्या चौहान साइकोलॉजी, मेघा मैनेजमेंट, आदित्य शाह मैनेजमेंट सहित अन्य संकाय के सदस्यों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुस्तकों से जोड़ने और पठन-पाठन की आदत विकसित करने के प्रायोजन से पुस्तक मेला और पठन जागरूकता सप्ताह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकाशकों ने पुस्तक प्रदर्शनी लगाई, जिनमें विषय-विशेष की पुस्तकों के साथ महापुरुषों की जीवनी और उनके सिद्धांतों पर आधारित साहित्य तथा भारत के विकास एवं छत्तीसगढ़ से जुडी महत्वपूर्ण किताबे शामिल की गई थी।




प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों को विविध विषयों की उपयोगी और ज्ञानवर्धक पुस्तकों से परिचित होने का अवसर प्रदान किया। पुस्तक मेले में 500 से अधिक विद्यार्थियों और सौ से अधिक शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार, डीन एकेडमिक्स डॉ. आलोक भट्ट और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. स्वाति पांडेय, डॉ. मनोज मौर्या और डॉ. अजय सिंह उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## डॉ. अशोक आकाश की कविताएं आकाशवाणी केंद्र छतरपुर से प्रसारित



**डौंडीलोहारा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम कोहंगाटोला निवासी वरिष्ट साहित्यकार डॉ अशोक आकाश की कविता पाठ का प्रसारण 14 सितंबर को सुबह सात बज कर बीस मिनट पर आकाशवाणी केन्द्र छतरपुर से किया गया। जिसमें विशेष रूप से नारी जागरण, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वावलंबन विषय पर आधारित कविताएं पढ़ी गई। हमारे बालोद जिला के साहित्यकार द्वारा प्रसार भारती के हिंदी महक कार्यक्रम के अंतर्गत आकाशवाणी केन्द्र छतरपुर में काव्य पाठ करना हमारे जिले के लिए बड़े गर्व का विषय है। डॉ अशोक आकाश जी की इस उपलब्धि पर जिले के समस्त साहित्यकारों में हर्ष व्याप्त है। उक्त जानकारी मधुर साहित्य परिषद ब्लाक इकाई डौंडी लोहारा के अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले द्वारा दी गई।

## विकास का प्रयास विद्यालय में चयन



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा सिरपुर के छात्र विकास का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय बलरामपुर के लिए हुआ है। प्रधान पाठक टेमनलाल राणा ने बताया कि विकास शुरू से होनहार छात्र रहा है। सबसे कठिन माने जाने वाले आसनों जैसे शीर्षासन, हलासन, मत्स्यासन, वृश्चिकासन आदि में कुशलता प्राप्त कर योग के क्षेत्र में भी उपलब्धियां हासिल की है। इसके पूर्व भी विद्यालय की छात्रा भूमिका कोमरे एवं गगन कुमार खरे का चयन भी एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए हो चुका है। विकास कुमार के चयन पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंपाबाई रावटे, उपाध्यक्ष टमेन उइके, प्रधान पाठक टेमन लाल राणा, शिक्षक वासुदेव पटेल, मनीष देशमुख, शिक्षिका निशा साहू, केसर साहू, गौतम तारम, मूलचंद राणा, चंदर यादव, गेंदाबाई तथा समस्त छात्र-छात्राओं ने बधाई प्रेषित की है। उपरोक्त जानकारी शिक्षिका निशा साहू ने दी।

## कुटुंब न्यायालय ने दिया विवाह विच्छेद का आदेश

**लाटाबोड़।** कुटुंब न्यायालय बालोद में एक दंपति का विवाह विवादित रिश्तों और लगातार विवादों के चलते टूट गया। अर्जुंदा निवासी युवती (बदला हुआ नाम गीता) और बालोद तहसील निवासी युवक (दर्शन) का विवाह रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद युवती के व्यवहार, आत्महत्या के प्रयास और परिजनों पर हमलों से परेशान होकर युवक ने न्यायिक पृथक्करण का आवेदन किया। न्यायालय ने पहले युवती के भरण-पोषण के आवेदन को निरस्त किया और एक वर्ष का न्यायिक पृथक्करण आदेश पारित किया। इसके बाद युवक द्वारा प्रस्तुत तलाक याचिका को स्वीकार करते हुए विवाह विच्छेद का आदेश दिया गया।

### सौगात : रजोली में सार्वजनिक टिन शेड व ओपन जिम का हुआ भूमिपूजन

# ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाएंगे विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजोली में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सार्वजनिक टीना शेड तथा 5 लाख रूपये की लागत से बनने वाले ओपन जिम का भूमिपूजन कर अपने निजग्राम के निवासियों को सौगात प्रदान की। दोनों कार्यों की कुल लागत 15 लाख रूपए है। बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण होने से स्थानीयजनों में भी हर्ष व्याप्त है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि जनहितैषी विकास कार्यों की सभी मांग निरंतर पूर्ण होगी। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाया जाएगा। टीना शेड निर्माण हो जाने से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में आसानी होगी। उन्होंने ओपन जिम के विषय पर बात रखते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में युवा अत्याधुनिक मशीनों से तैनात जिम की उपलब्धता न होने के कारण काफी लंबी दूरी तय कर शहरों की तरफ जाने को मजबूर थे। परंतु अब जिम खुलने से युवाओं को शारीरिक श्रम के साथ–साथ अपनी फिटनेस को बनाने के लिए भी अच्छा अवसर प्रदान किया है।





उन्होंने रजत जयंती पर अपनी बात रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं। ये वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है और संयोग से यह साल अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। छत्तीसगढ़ सरकार 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। शासन के नीतियों एवं योजनाओं ने आमजनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। छत्तीसगढ़ राज्य संसाधनों के अभाव में उठकर आत्मनिर्भरता और प्रगति की राह पर अग्रसर हुआ। रजत जयंती वर्ष में राज्य बनने के पश्चात छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों की यात्र में विकास के विभिन्न आयाम संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, कृषि, महिला सशक्तिकरण, वन अधिकार और औद्योगिक इत्यादि क्षेत्रें में अभूतपूर्व प्रगति की है। इन्हीं उपलब्धियों को रजत जयंती वर्ष में जन–जन तक पहुंचाना है। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच त्रयोदश मुकेश पुरोहित, चतुर्वेदी, रामप्रसाद निषाद, ओमशंकर, जयदीप चंद्राकर उपस्थित थे।

## श्री रामकथा हमें जीवन के मूल्यों व आदर्शों की शिक्षा देती: विधायक ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में मानस सुधा परिवार द्वारा आयोजित श्री रामकथा मासिक संगोष्ठी कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। भगवान श्री राम जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों के खुशहाली की कामना किया इस अवसर पर उन्होंने श्री राम कथा श्रवण किया और भक्तों के साथ भजन-कीर्तन में शामिल हुए। विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि श्री रामकथा हमें जीवन के मूल्यों और आदर्शों की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि श्री राम की कथा हमें सत्य, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है।ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना बढ़ती है। इस अवसर पर सरपंच दिग्विजय सिंह, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, आयोजक संजू यादव, पूर्व जनपद सदस्य राकेश चंद्राकर, उपसरपंच यशवंत बंजारे, तिलक चंद्राकर, पंच फत्तेलाल चंद्राकर, हेमलता देशमुख, जनपद सदस्य बेला यादव, लक्ष्मीकांत कनोजे, उपाध्यक्ष नूतन निर्मलकर, तीरनेनी देवांगन, मुकेश चंद्राकर, जीतू सिन्हा, कुथरेल सरपंच गीता गजपाल, रोशन साहू, संतोष सिन्हा, राजेन्द्र चंद्राकर, बिसाऊहा साहू, चुम्मन साहू, महेंद्र पांडेय और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

■ सत्य, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने की सीख देती है रामकथा

# तीन दिवसीय मानस तिहार और पितर महोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद नगर के कुंदरुपारा में आराधना बालिका मानस परिवार, मानस युवा शक्ति संगठन और वार्डवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय मानस तिहार और पितर महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी थी। अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने किया। वही विशेष अतिथि पार्षद गिरीश गुप्ता, गोमती रात्रे, गोकुल ठाकुर, बीरझू ठाकुर, ग्राम पटेल रामभगत ढीमर उपस्थित थे। आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे पूजा अर्चना के साथ शुरुआत हुई। जिसके बाद 4 बजे से कलश यात्र निकालकर वार्ड का भ्रमण किया गया और फिर आयोजन मंच पर जय मां परमेश्वरी बालिका मानस परिवार कोटेरा और श्री राम आदर्श मानस परिवार अरकार की प्रस्तुति हुई।



वहीं आयोजन के दूसरे दिन शनिवार और रविवार को 6–6 मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर मानस दर्शन–जीवन दर्पण के संस्थापक दिलीप गुहा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने की। विशेष अतिथि के रूप में लीलार साहू, क्रांतिसेना के जिलाध्यक्ष खोमान साहू, नामेंद्र सिन्हा, वंदना साहू मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने आयोजित कार्यक्रम को सराहना की।

**ओटेबन्द मण्डल में सेवा पखवाड़ा कार्य शाला संपन्न**

# सेवा ही सुशासन है, अंत्योदय से राष्ट्रोदय की ओर बढ़ेगा देश : लेखराम साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारतीय जनता पार्टी ओटेबन्द मण्डल सेवा पखवाड़ा की कार्य शाला ग्राम गोरकापार में सम्पन्न हुआ सेवा पखवाड़ा की कार्यक्रम की शुरुआत भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित की गई है।





कार्य शाला के मुख्यवक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष ठाकुर रामचंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम सिंह चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य नरेन्द्र प्रसाद यादव थानसिंह मंडावी, चेतन साहू थे, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने बताया कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, दीनदयाल उपाध्याय, महात्मा गांधी, और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज के गरीब, वंचित और शोषित वर्ग की सेवा की सुअवसर है। मुख्य वक्ता लेख राम साहू ने कहा कि सेवा ही सुशासन है। सेवा पखवाड़ा से अंत्योदय से राष्ट्रोदय की भावना का साकार स्वरूप होगा सेवा पखवाड़ा कार्य क्रम के संयोजक ठाकुर राम चंद्राकर ने कहा कि 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा के कार्य क्रम की जानकारी दी गई एवं इस कार्यक्रम अधिक से अधिक जोड़ने की अपील की गई। कार्यक्रम की संचालन महामंत्री हेमन्त कुमार साहू एवं आभार व्यक्त महामंत्री तुलेश्वर चंद्राकर ने किया इस अवसर पर मण्डल कोषाध्यक्ष कमलेश पाण्डे, मण्डल उपाध्यक्ष कौशल किशोर साहू, प्रमोद पटेल, हेमलता देशलहरा, मण्डल मंत्री लेवन सिंह देशमुख महेन्द्र सोनकर भारती देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य लीना देशमुख, पुखराज निर्मलकर, धनेश चन्द्राकर, राजेन्द्र चन्द्राकर, देवेन्द्र यदु, अगेश यादव, जनपद सदस्य संध्या खरे, शक्ति केन्द्र संयोजक भूपेन्द्र निषाद,, प्रदीप साहू, योगेश शर्मा गुलाब देशलहरे, राहुल शर्मा, भूपेंद्र देवांगन, रविन्द्र देशलहरे इंद्रजीत चन्द्राकर, देवेन्द्र सिन्हा, बूथ अध्यक्ष देव कुमार साहू, शीतल चन्द्राकर, कुलेश्वर देवांगन, भीषम साहू, जामवंत साहू डिलेंद्र साहू, कुणाल कुर्रे, मेघास्याम चन्द्राकर,राकेश चंद्राकर व अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# साहू समाज की बैठक कन्हारपुरी में सम्पन्न

**गुरूर।** ग्रामीण साहू समाज ग्राम साल्हेभाट परीक्षेत्र मोखा तहसील गुरुर का परीक्षेत्र साहू समाज का बैठक ग्राम कन्हारपुरी मे रखा गया।

जिसमे नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो की पार पांघर चुनाव पर्यवेक्षक समक्ष किया गया। जिसमे अध्यक्ष रत्तीराम साहू, सचिव राजू राम साहू, उपाध्यक्ष रुद्रेशवर साहू, उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उमेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष सुदामा साहू, संगठन सचिव रूप राम साहू, संगठन सचिव महिला प्रकोष्ठ देवकी बाई साहू, सहसचिव झगेर्श्वर साहू बने जिसका तिलक लगाकर सभी लोगो का स्वागत किया। साथ ही साहू समाज के अध्यक्ष गौकरण साहू, उपाध्यक्ष अघणू राम साहू, संयोजक पुरुसोत्तम साहू, सचिव पुरानिक साहू, ग्रामीण अध्यक्ष मोखा देव सिंह, ग्रामीण सचिव साल्हेभाट राजू राम साहू तथा सदस्य गण भी उपस्थित थे।

# सनौद में सेवा पखवाड़ा को लेकर मंडल स्तरीय हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय संगठन आह्वान पर राज्य संगठन निर्देशानुसार जिला भाजपा संगठन के मार्गदर्शन मे भाजपा मंडल सनौद मे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के सन्दर्भ मे मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ।

जिसमे मुख्यवक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष बालोद ठाकुरराम चंद्राकर थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन ने किया। कार्यक्रम संयोजक महामंत्री ललित गजेंद्र, महामंत्री ढंगु हिरवानी, मंडल कोषाध्यक्ष घनेंद्र साहू, सभापति जिला पंचायत लक्ष्मी साहू, सभापति जनपद पंचायत नरेश साहू, सभापति जनपद पंचायत हरिकृष्ण गंजीर, जनपद सदस्य गुलाब सिंहा, जनपद सदस्य झालेन्द्र साहू, मंडल मंत्री मनीष साहू, मंडल मंत्री तुलसी साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य चांदनी देवांगन, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंगबर, मडल मंत्री वासुदेव, चेतन साहू, चुम्मन साहू, जीतेन्द्र सहाड़ा, ईश्वर प्रसाद, पूरनलाल, धर्मेंद्र, घिरपाल, प्रेम लाल, पुरुषोत्तम, हीरामणि, प्रेमशंकर, सुरेश कुमार, कमलेश, गोपीराम, तिलक, कुलेश्वर, सोहन लाल, धनराज, सुरेश नागवंशी, इंद्रमण, भूपत राम, बोधराम, राम कुमार, नरेश साहू, खुमान, लक्षकुमार, भोजराम, बालक साहू, धर्मेंद्र, वामन लाल, चंद्राशेखर, भारत राम, सागर, कामेश्वर साहू, नकुल राम, छत्रपाल, ललतू राम, जस्वंत कुमार, सेवाराम, धनेश, भूपेंद्र कुमार, अघन साहू, दिनेश्वर व अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



**14वीं वोविनम मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता**

# विजेता बेटियों का सरपंच अनिल ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दिल्ली में आयोजित 14वीं वोविनम मार्शल आर्ट्स में गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम ओड़ारसकरी जिला बालोद की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए, अंजू सिन्हा ने स्वर्ण पदक, भुनेश्वरी ने रजत पदक चेतना साहू ने कांस्य पदक डिम्पल देशमुख ने कांस्य पदक कुमकुम देशमुख ने कांस्य पदक हाशिल की इन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के लिए ग्राम के सरपंच अनिल सोनी जी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उत्साह वर्धन किया, उप सरपंच कुशाल ठाकुर, ग्राम पटेल नरेंद्र यादव, भोला साहू पंच, घासी देशमुख पंच,,गुलाब दास मानिकपूरी आदि गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

## टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा, बड़ा हादसा टला

**कुम्हारी।** शनिवार सुबह नेशलन हाईवे खारुन ग्रीन कॉलोनी के पास एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया गया कि टैंकर में सोडियम सिलिकेट आयल भरा हुआ था। जानकारी लगते ही राहगीर एवं आस-पास निवास कर रहे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि हादसे की सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना प्रभारी योगेश्वर वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत सड़क को सुरक्षित किया।







# पूर्व विधायक भैयाराम रामधुनी प्रतियोगिता में हुए शामिल



**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोहतरा में रामधुनी प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए।

पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने आतिथ्य उद्बोधन में समस्त ग्रामवासी को बधाई देते हुए का की तरह से धार्मिक आयोजन से ग्राम में शांति का भाव उत्पन्न होता और ग्राम में ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति परम्परा बसती है यही हमारी पहचान है जगतरा से बिछीबाहरा तक पहुंच मार्ग बरसात के बाद जल्द निर्माण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली, सुमीत राजपूत, ग्राम पटेल राधे लाल नागवंशी, सरपंच तिलोकमा सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि पिंटू सिन्हा मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी सहित ग्रामवाशी उपस्थित थे।






